हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 9 अप्रैल 2026
[ नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी ]

04 बीपीएल व 200 जोड़ों की सीमा ने छीनी गरीब...



08 आज से शुरू होगी गेहूं, चना की सरकारी खरीदी...





खबर संक्षेप

## 10096 बालिकाओं का किया टीकाकरण

**बैतूल।** सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 7 अप्रैल 2026 तक बैतूल जिले में कुल 10096 बालिकाओं को टीकाकरण किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि बैतूल शहरी क्षेत्र में 387 बालिकाओं, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रभात पटटन में 865, आमला में 1302, घो?ाडोगरी में 1592, सेहरा में 1276, चिचोली में 746, मुलताई में 913, आठनेर में 673, भैंसदेही में 706, शाहपुर में 615, भीमपुर 1021 इस प्रकार जिले में कुल 15217 के विरूद्ध 10096 कुल 66.3 प्रतिशत बालिकाओं को एचपीवी टीकाकरण किया गया। सर्वाइकल कैंसर ह्यूमन पैपिलोमा वायरस एचपीवी से होता है। एचपीवी टीका एक सुरक्षित और प्रभावी टीका है जो कैंसर से बचाने में मदद करता है। यह टीका जिला चिकित्सालय बैतूल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में निःशुल्क लगाया जा रहा है। समस्त अभिभावकों से अपील की है कि ऐसी बालिकाऐं जिनकी आयु 14 वर्ष तथा 15 वर्ष 3 माह तक की है वे अपनी बालिकाओं को एचपीवी टीकाकरण अवश्य करवाएं एवं बेटियों का भविष्य सुरक्षित बनाएं।

## सतपुड़ा जलाशय की सफाई करने श्रमदान



**सारनी।** सतपुडा डेम से वर्ष 2019 में चाइनीज झालर एवं जलकुंभी निकालने के कार्य की शुरूआत करने वाले मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष, राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त पद्मश्री मोहन नागर ने बुधवार शाम को सारनी पहुंचकर सतपुड़ा जलाशय की श्रमदान के माध्यम से सफाई की। उनके साथ सैकड़ों लोगों की टीम भी यहां मौजूद रही। करीब तीन घंटे चले श्रमदान के बाद सतपुड़ा डेम के छठ पूजा घाट को जलीय खरपतवार से मुक्त किया गया। औपचारिक कार्यक्रम के तहत सारनी पहुंचे मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष, राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त पद्मश्री मोहन नागर सीधे सतपुड़ा डेम पहुंच गए। उनके यहां आने की सूचना के बाद सतपुड़ा थर्मल प्लांट, नगर पालिका, डब्ल्यूसीएल के अधिकारी, कर्मचारी भी पहुंचे। स्वयं सेवी संगठन, राजनीतिक संगठनों के लोगों ने भी यहां पहुंचकर श्रमदान किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, उपाध्यक्ष जगदीश पवार, सतपुड़ा प्लांट के चीफ इंजीनियर एसके लिल्होरे, जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक प्रिया चौधरी, अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजीव गुप्ता, मनीष शर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीके मेश्राम यहां उपस्थित थे। करीब तीन घंटे चले श्रमदान के बाद छठ पूजा घाट को पूरी तरह स्वच्छ किया गया। इसके बाद हुए कार्यक्रम को अतिथियों ने संबोधित किया। प्लांट के चीफ इंजीनियर ने कहा कि सतपुड़ा डेम को पूरी तरह साफ करने के लिए कंपनी की ओर से कार्ययोजना तैयार की जा रही है। अभी तक हुए प्रयासों का ही परिणाम है कि जल साफ और उपयोग योग्य है। नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे ने कहा कि जलीय संरचनाओं को स्वच्छ करने के लिए नगर पालिका द्वारा भी सतत अभियान चलाया जा रहा हैं जल गंगा संर्वधन के तहत नगर के सार्वजनिक जलस्रोतों को साफ किया जा रहा है। इस अवसर पर श्रमदान में सहयोग करने वाले जल प्रहरियों का सम्मान किया।

## ग्रामीणों ने श्रमदान कर की जल स्रोतों की साफ-सफाई

**बैतूल।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद उपाध्यक्ष मोहन नगर के नेतृत्व में जिले में चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत बैतूल विकासखंड के ग्राम महदगांव के प्राचीन तालाब पर द्वितीय चरण के जल स्त्रोत सेवा समाग कार्यक्रम किया गया। विश्व स्वास्थ्य दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम में तालाब का पूजन एवं श्रमदान कर जल संरक्षण का संकल्प लिया। समन्वयक प्रिया चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत मंदिर में पूजन-अर्चन कर जल संरक्षण के नारों के साथ मंदिर प्रांगण से तालाब तक विशाल रैली निकाली गई।

### राहत की बजाए आफत बने नए नियम, फार्म जमा करने लगाने पड़ रहे चक्कर

# बीपीएल व 200 जोड़ों की सीमा ने छीनी गरीब परिवारों के जोड़े बनने की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत लागू किए गए नए नियम अब जरूरतमंद परिवारों के लिए परेशानी का कारण बनते जा रहे हैं। पहले यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए राहत का जरिया मानी जाती थी, लेकिन अब बीपीएल कार्ड की अनिवार्यता और जिले में केवल 800 जोडों के विवाह की सीमा ने कई परिवारों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। नए नियमों के मुताबिक अब केवल उन्हीं परिवारों की बेटियां मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत विवाह हेतु पात्र होंगी, जिनके पास बीपीएल कार्ड होगा। इसके अलावा एक तिथि पर अधिकतम 200 जोड़ों का ही सामूहिक विवाह कराया जा सकेगा। सम्मेलन आयोजित करने के लिए कम से कम 11 जोड़ों का होना भी अनिवार्य कर दिया गया है। पूर्व में इस योजना के लिए बीपीएल कार्ड की बाध्यता नहीं थी। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार, चाहे वे बीपीएल सूची में शामिल हों या नहीं, योजना का लाभ ले लेते थे। पांच जोड़ों के होने पर भी सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित हो जाता था। लेकिन अब अधिकतम 200 और कम से कम 11 जोड़े की बाध्यता ने इस योजना का लाभ लेने वाले जरूरतमंद परिवारों के सामने परेशानी खड़ी कर दी है। हितग्राहियों का कहना है कि सरकार ने नए नियम तो बना दिए। परन्तु जमीनी परिस्थितियों को नजरअंदाज कर दिया।




**फार्म जमा करने परेशान हो रहे दूसरे विकासखंड के जोड़े**

जनपद पंचायत बैतूल में 26 अप्रैल को होने जा रहे सामूहिक विवाह में 200 जोड़ों की सीमा तय है। इस विवाह में जनपद पंचायत बैतूल, जनपद पंचायत आठनेर और जनपद पंचायत आमला के अलावा नगर पालिका बैतूल, नगर परिषद बैतूलबाजार, नगर परिषद आठनेर और नगर पालिका आमला के 200 जोड़ों का विवाह होना है। ऐसे में तीन जनपद पंचायत और चार नगरीय निकाय से 200 जोड़े तय करना बड़ा मुश्किल होगा। जबकि एक जनपद पंचायत से ही जोड़ों की इतनी संख्या हो जाएगी। दूसरी तरफ विवाह में शामिल होने वाले जोड़ों को पहले संबंधित जनपद या नगर निकाय से सत्यापन कराने के बाद बैतूल में विवाह हेतु फार्म जमा करना पड़ रहा है। जिससे उन्हें बार-बार बैतूल के चक्कर काटने पड़ रहे है।

### अधिक हुई संख्या, तो किस आधार पर होगा चयन, स्पष्ट नहीं?

मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में सीमा तय होने से लोगों की चिंता बढ़ गई है। इस बात को लेकर भी चिंता है कि यदि निर्धारित जोड़ों से अधिक पंजीयन होते है, तो चयन किस आधार पर होगा। प्रशासन ने अब तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि अतिरिक्त आवेदन आने पर प्राथमिकता किसे दी जाएगी। हितगहियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि यदि पंजीयन प्रक्रिया पारदर्शी नहीं रही, तो प्रभावशाली लोगों के परिचितों को पहले मौका मिल जाएगा और वास्तविक जरूरतमंद परिवार पीछे रह जाएंगे। लोगों ने मांग की है कि सरकार इस योजना के नियमों में संशोधन करे, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद परिवारों को इसका लाभ मिल सके।

### सीमा तय होने से बढ़ी परेशानी

शासन ने सामूहिक विवाह हेतु जोड़ों की संख्या तय कर दी है। 2025 तक इस योजना में जोड़ों की कोई सीमा तय नहीं की थी, लेकिन अब एक आयोजन में न्यूनतम 11 और अधिकतम 200 जोड़े ही परिणय सूत्र में बंध पाएंगे। शासन की मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में अब जिले के 800 जोड़े ही परिणयबद्ध होकर योजना का लाभ ले सकेंगे। बताया जा रहा है कि बैतूल जिले में सिर्फ चार तिथियों पर ही कन्यादान योजना महोत्सव का आयोजन होगा। जिसमें 27 अप्रैल को पंचायत बैतूल, जनपद पंचायत आठनेर और जनपद पंचायत आमला के अलावा नगरपालिका बैतूल, नगरपरिषद बैतूलबाजार, आठनेर और नगरपालिका आमला के कुल 200 जोड़े शामिल होगे।

### बीपीएल सूची में नाम नहीं, तो नहीं मिलेगा योजना का लाभ

जिले में कई ऐसे परिवार हैं जो गरीबी में जीवनयापन कर रहे हैं, लेकिन किसी कारणवश उनका नाम बीपीएल सूची में नहीं है। ऐसे परिवारों की बेटियां अब योजना का लाभ नहीं ले पाएंगी। बताया जा रहा है कि कन्यादान योजना में इस बार कन्या और उसके अभिभावक का गरीबी रेखा में होना जरूरी है। बीपीएल पोर्टल पर सत्यापन भी होना जरूरी है। पहले इस योजना में कोई भी वर्ग के लोग सम्मिलित होते थे, लेकिन इस बार केवल गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों को ही इसका लाभ मिल सकेगा। ऐसे में जो परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है और उनके पास बीपीएल कार्ड नहीं है, उन्हें इस योजना से वंचित रहना पड़ेगा।

### 2006 में शुरू हुई थी मुख्यमंत्री कन्यादान योजना

यंहा उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार ने 2006 में निर्धन और जरूरतमंद परिवारों के कांधे से बेटियों का बोझ उतारने के लिए मुख्यमंत्री कन्यादान व निकाह योजना शुरू की थी। 20 साल में इस योजना में हजारों जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। लेकिन इस बार सरकार ने सामूहिक विवाह में शामिल होने वाले जोड़ों के लिए नियमों में बदलाव और सीमा तय कर दी है। इससे कन्यादान योजना में विवाह करने का सपना सजोने वाले जोड़े असमंजस में हैं। विवाह योजना में पहले अपात्र लोग भी विवाह कर लेते थे, लेकिन इस बार प्रक्रिया कठिन कर दी है। ऐसे में जरूरतमंद परिवार पात्रता पूरी नहीं करने के कारण योजना से वंचित रह जाएंगे और उन्हें घर से बेटियों की शादी करनी पड़ेगी।

### सत्यापन होना भी जरूरी...

इस बार कन्यादान योजना के लिए जोड़ों की सीमा तय कर दी गई है। जिले में चार जगहों पर होने वाले आयोजन में अधिकतम 800 जोड़े ही शामिल हो सकते है। एक जगह होने वाले कार्यक्रम में न्यूनतम 11 और अधिकतम 200 जोड़े ही शामिल होगे। इसके अलावा बीपीएल पोर्टल पर कन्या और अभिभावक का सत्यापन होना भी जरूरी है।

– **रोशनी वर्मा,** उप संचालक, सामाजिक सुरक्षा एवं दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग बैतूल

### सेवादल ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

## आमला में मुख्यमंत्री कन्या विवाह सम्मेलन की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमला

मध्यप्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के नए नियमों को लेकर अब विरोध के स्वर मुखर होने लगे हैं। जनपद पंचायत सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई के दौरान सेवादल ने एसडीएम शैलेंद्र बड़ोनिया को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि योजना के नए नियम गरीब कन्याओं के लिए लाभ के बजाय छलावा साबित हो रहे हैं। ज्ञापन में स्पष्ट किया गया है कि सरकार ने विवाह के लिए जोड़ों की संख्या सीमित कर दी है, जो पूरी तरह गलत है। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि संख्या की इस लिमिट को तत्काल खत्म किया जाए। जितने भी आवेदन प्राप्त होते हैं, उनका विवाह सरकारी खर्च पर कराए ताकि गरीब लाभ से वंचित न रहे।

**गरीब कन्याओ के साथ छलावा बनकर रह गई है योजना**

### बीपीएल की अनिवार्यता और एनओसी की प्रक्रिया बने सरल

ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि योजना में बीपीएल (गरीबी रेखा) कार्ड की अनिवार्यता को समाप्त किया जाए और सभी वर्ग की पात्र कन्याओं को इसका लाभ मिले। साथ ही, आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि (9 अप्रैल) को आगे बढ़ाया जाए। बहनों को एनओसी के लिए ग्राम पंचायत से जनपद तक के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, जिसे बंद कर सारी प्रक्रिया ग्राम पंचायत स्तर पर ही पूरी करने की व्यवस्था की जाए।

### कार्यवाही न होने पर आंदोलन की चेतावनी

ज्ञापन सौंपते समय सेवादल विधानसभा प्रभारी जितेंद्र शर्मा, महेश प्रजापति, कमलेश माकोड़े, अजय बचले, संतोष आहके और कुलदीप सहित बडी संख्या में युवतियां उपस्थित रहीं।

**आजादी के महान कांतिकारी मंगल पांडे को किया याद**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

भीमराव रामराव अंबेडकर शिक्षा महाविद्यालय बैतूल में 8 अप्रैल बुधवार को 1857 की कांति के महान सेनानी मंगल पांडे को उनकी पुण्यतिथि पर याद किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के संचालक इंजी. ध्रुवप्रकाश अग्रवाल और प्राचार्य डॉ. जीडी देशमुख ने मंगल पांडे की छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया एवं उनके द्वारा किये गये कार्यों को याद किया गया।

महाविद्यालय के सभागार में मंगल पांडे के जीवन पर डाक्युमेंन्ट्री दिखाई गई एवं कार्यक्रम के अंत में मौन धारण किया। इस अवसर पर बीएड स्टाफ एवं बीएड स्कालर्स उपस्थित रहें।

### 6 नमूने जांच के लिए भेजे

## भैंसदेही में पानी प्लांटों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैंसदेही

कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देश पर एसडीएम श्री अजीत मरावी के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा बुधवार को भैंसदेही क्षेत्र में पानी प्लांटों पर सघन जांच एवं कार्रवाई की गई। इस दौरान नगर परिषद अधिकारी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी पीएचई विभाग निखिल जैन एवं खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम ने पानी केन का विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर नमूने एकत्रित किए। जांच अभियान के तहत 8 अप्रैल को टीम द्वारा साईं एक्वा आरओ, नगर परिषद भैंसदेही पानी प्लांट एवं दादाजी आरओ पानी प्लांट सहित विभिन्न प्रतिष्ठानों से कुल 6 पानी के नमूने लिए गए।



सभी सैंपल जिला प्रयोगशाला बैतूल भेजे जा रहे हैं, जहां जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान नगर परिषद द्वारा संबंधित संचालकों को साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा टीम ने बर्फ निर्माण करने वाले आईवी एक्वा प्लांट का भी निरीक्षण कर गुणवत्ता एवं स्वच्छता मानकों की जांच की।

### पूर्ण हो चुकी दुकानों में व्यापारियों को

## सीएमओ ने निर्माणाधीन गंज मंडी कॉम्प्लेक्स का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार बुधवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी नवनीत पाण्डेय ने गंज मंडी कॉम्प्लेक्स निर्माणाधीन स्थल का निरीक्षण किया।

उल्लेखनीय है कि कॉम्प्लेक्स में कुल 320 दुकानों का निर्माण प्रस्तावित है, जिसमें ग्राउंड फ्लोर पर 142, मेजेनाइन फ्लोर पर 26, प्रथम तल पर 98 और द्वितीय तल पर 54 दुकानों का निर्माण किया जाना है। जी ब्लॉक में 66 और एफ ब्लॉक में 78 दुकानों का निर्माण



कार्य जारी है। इस दौरान उन्होंने जी-2 ब्लॉक में 32 दुकानों के निर्माण के लिए साइट क्लियर करने के निर्देश दिए गए। इसके लिए आसपास के अतिक्रमण हटाने के लिए अतिक्रमण दल को कार्रवाई के निर्देश दिए। सीएमओ श्री पाण्डेय ने मौके पर मौजूद अतिक्रमणकारियों से चर्चा कर उन्हें शीघ्र स्थल खाली करने के लिए कहा।

## भारतीय मजदूर ठेका श्रमिक संघ ने किया प्याऊ का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

गर्मियों के समय में भारतीय मजदूर ठेका श्रमिक संघ द्वारा प्रतिवर्ष सतपुड़ा प्लांट के मुख्य द्वार पर गेट क्रमांक 7 एवं 8 के समीप राहगीरो एवं श्रमिकों के लिए प्याऊ खोला जाता है। भारतीय मजदूर ठेका श्रमिक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष प्रकाश गाटे, महामंत्री विनोद भारती, संरक्षक सुनील भारद्वाज, वरिष्ठ पदाधिकारी संजय पाल, एवं ब्लॉक उपाध्यक्ष निराकार सागर ने बताया कि संघ द्वारा अनेकों सेवा कार्य किए जाते हैं उसी क्रम में आज प्याऊ खोला गया गर्मियों के दिनों में श्रमिकों को प्लांट से निकलने के बाद शीतल जल मिल सके यह हमारा प्रमुख उद्देश्य है। प्याऊ का शुभारंभ मां भारती एवं भगवान श्री राम के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं



भगवान श्री राम की राम स्तुति गा कर हुआ उन्होंने बताया की प्याऊ का संचालन तीन माह तक किया जाएगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मुख्य अभियंता अनिल लिलोरे, 660 मेगावाट की नई इकाई के प्रभारी अधिकारी एस एन सिंह, सी एच पी प्रभारी अधिकारी संजय जोशी, सतपुड़ा व्यापारी संघ के अध्यक्ष अरविंद सोनी, बिजली उत्पादन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष लाखन चौधरी, विधायक प्रतिनिधि संजय अग्रवाल, प्रख्यात कथावाचक आलोक मिश्रा, पाल समाज के अध्यक्ष सोमालाल पाल, समाजसेवी विकास बत्रा के अलावा ठेका श्रमिक संजय पाल, तीरथ तुमराम संजय जोंधारे, देवानंद भारती, सहित संघ परिवार के प्रमुख पदाधिकारी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### मानव श्रृंखला बनाकर जल संरक्षण के प्रति जागरुकता की ली शपथ

## झिरना धाम में बोरी बंधान साफ कर बढ़ाया जल संरक्षण, पांच फीट तक पानी सुरक्षित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड भीमपुर द्वारा ग्राम पंचायत कुटंगा के ढढारी स्थित प्रसिद्ध शिव शक्ति धाम झिरना धाम में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत बुधवार को व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया। इसके तहत जन अभियान परिषद द्वारा पूर्व में निर्मित बोरी बंधान के आसपास जमा गंदगी को हटाकर जल स्त्रोत को स्वच्छ एवं संरक्षित किया। अभियान जिला समन्वयक प्रिया चौधरी एवं ब्लॉक समन्वयक राजू मांडवे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। जिला समन्वयक प्रिया चौधरी ने बताया कि यह बोरी बंधान 28 दिसंबर 2025 को भीमपुर एवं चिचोली विकासखंड की संयुक्त जअप की टीम द्वारा 375 बोरियों से बनाया था। इसमें प्रस्फुटन समितियों, नवांकुर संस्थाओं तथा बैचलर ऑफ सोशल वर्क और मास्टर ऑफ सोशल वर्क के विद्यार्थियों का सहयोग रहा।

### स्टॉप डेम बनने पर बढ़ेगा जल संचयन

पूर्व जनपद उपाध्यक्ष एवं जिला वन समिति अध्यक्ष मनोहरी परते ने बताया कि भविष्य में यहां स्थायी जल संरचना स्टॉप डेम बनाने के लिए डीएफओ से चर्चा की गई है, जिससे और अधिक जल संचयन किया जा सके। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित सदस्यों ने मानव श्रृंखला बनाकर जल संरक्षण के प्रति जागरूकता की शपथ ली। इस अवसर पर पूजा मोरले, शंकरलाल चौहान, दीपिका सराठे, विजेश इरपाचे, कमलेश लोखंडे, देवेंद्र धोते, मीनाक्षी जंगलसिंह परते, पप्पू काकोडय़ा, सुखनंदन उईके, अलकेश कुदारे, अर्जित आर्य सहित बड़ी संख्या में समिति सदस्य, नवांकुर संस्थाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### 12 टीमों के 180 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

फाइनल में शामिल होंगे वर्ल्ड कप विजेता गुरुदास राउत

## मुलतापी में गूंजेगा क्रिकेट का रोमांच, 10 अप्रैल से 'सनातन कप' का भव्य आगाज़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलतापी

माँ ताप्ती जी की पावन नगरी मुलतापी में क्रिकेट प्रेमियों के लिए रोमांचक आयोजन होने जा रहा है। दिनांक 10 अप्रैल से 20 अप्रैल 2026 तक ओल्ड माँ ताप्ती क्लब, सिविल लाइन टीम मुलतापी के तत्वावधान में रात्रिकालीन टेनिस बॉल ह्यसनातन कपक्व का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में जिले की 12 फ्रेंचाइजी टीमों के लगभग 180 खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता को लेकर शहर में खासा उत्साह देखा जा रहा है। आकर्षक इनाम और भव्य ट्रॉफी टूर्नामेंट का प्रथम पुरस्कार 1 लाख रुपए रखा गया है, जिसे समाजसेवी एवं खेलप्रेमी उपेंद्र पाठक (संचालक, अनंत ऑटोमोबाइल - न्यू हॉलैंड ट्रैक्टर) द्वारा प्रायोजित




किया गया है। वहीं द्वितीय पुरस्कार 50 हजार रुपए खाटू श्याम भक्त मंडल, सोनोली धाम मुलतापी की ओर से दिया जाएगा। टूर्नामेंट की खास बात यह है कि विजेता और उपविजेता टीमों को लगभग 5 फीट ऊंची भव्य ट्रॉफी प्रदान की जाएगी, जो अपोलो टायर्स मुलतापी के ऑनर श्री नीरज ठाकरे द्वारा उपलब्ध कराई गई है। व्यक्तिगत पुरस्कारों की भी भरमार मैन ऑफ द मैचः ?5001 एवं ट्रॉफी (राम जन्मोत्सव समिति, बस स्टैंड) बेस्ट बैट्समैन, बेस्ट बॉलर, बेस्ट कैच इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट ये सभी पुरस्कार विभिन्न खेलप्रेमियों के सहयोग से दिए जाएंगे। लाइव प्रसारण की व्यवस्था टूर्नामेंट के सभी मैचों का प्रतिदिन सीधा प्रसारण किया जाएगा। यह प्रसारण क्रिश मेमोरियल हॉस्पिटल (संचालक अंकुश भार्गव) के सहयोग से गौतम डिजिटल चैनल पर उपलब्ध रहेगा। आयोजन समिति प्रमुख रॉबिन सिंह परिहार ने जानकारी देते हुए बताया कि 20 अप्रैल 2026 को होने वाले फाइनल मुकाबले में भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एवं वर्ल्ड कप विजेता गुरुदास राउत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस आयोजन को सफल बनाने में ॥रू एकता, माँ ताप्ती क्रिकेट क्लब, स्क्र्य क्लब और ड्ढ्ढ वॉरियर्स सहित कई टीमों का महत्वपूर्ण योगदान है। रोज शाम 7 बजे से मैच टूर्नामेंट के सभी मुकाबले प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात्रिकालीन रोशनी में खेले जाएंगे, जो दर्शकों के लिए खास आकर्षण का केंद्र रहेंगे।


## नगर परिषद ने वर्ष 2026-27 के लिए नई संपत्ति कर दरों का किया निर्धारण

# आवासीय व व्यवसायिक उपयोग की दरों में हुई बढ़ोतरी, दो जोन में विभाजित शहर

सोहागपुर शहर को दो जोन में विभाजित करते हुए नगर परिषद द्वारा वर्ष 2026-27 के लिये संपत्ति कर की नई दरों का निर्धारण किया है। उक्त आशय का सूचना पत्र भी नगर परिषद सीएमओ कार्यालय द्वारा परिषदीय अनुशंसा पर जारी किया गया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर नगर परिषद सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा द्वारा तीन अप्रैल 2026 को जारी पत्र क्रमांक 537 के अनुसार कर वृद्धि निर्णय मप्र नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 127 (क) के तहत संपत्ति कर के अधिरोपण के लिये मप्र शासन नगरीय विकास विभाग भोपाल द्वारा जारी राजपत्र क्रमांक 46 दिनांक 13 नवंबर 2020 के प्रावधानों के अनुसार लिया गया है। यह निर्धारण कलेक्टर गाइडलाइन के द्वारा निर्धारित भवन व भूमि मूल्य से संगत है। जिसके अंतर्गत शहर को दो जोन में विभाजित कर आवासीय उपयोग व व्यवसायिक उपयोग के लिए संपत्ति की नई दरें प्रति वर्गफिट निर्धारित की गई हैं। सीएमओ कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार वर्ष 2026-27 के लिए इन दरों में बढ़ोतरी की गई है।



### ये हैं शहर के दो जोन

जोन क्रमांक एक- माय सिटी कालोनी, सुभाष वार्ड मुख्य मार्ग से सेंट पेट्रिक स्कूल नगर क्षेत्र सीमा के दोनों ओर, रंगीराम चौक से कन्या शाला रोड के दोनों ओर राजेन्द्र वार्ड व गांधी वार्ड, पुराने बस स्टैंड से टॉकीज तक अम्बेडकर वार्ड व गौतम वार्ड रोड के दोनों ओर, कमानिया गेट से बिहारी चौक रोड के दोनों ओर, श्रीराम चौक से रिपटा रोड के दोनों ओर दशहरा मैदान सम्पूर्ण क्षेत्र, डॉ. रवि शर्मा के घर से मारूपुरा तक दोनों ओर, कोर्ट चौराहे से स्टेशन रोड व कोर्ट चौराहे से विवेकानंद स्कूल के दोनों ओर सरदार वार्ड तथा पेट्रोल पंप चौक से स्टेशन रोड शास्त्री वार्ड

### गहन विचार विमर्श

सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा द्वारा दर परिवर्तन प्रस्ताव पर परिषद ने गहन विचार-विमर्श कर वित्तीय वर्ष 2026-27 में स्व निर्धारण प्रक्रिया से सम्पत्ति कर के लिये मप्र भवन व भूमि के कर योग्य सम्पत्ति मूल्य का निर्धारण नियम 2020 के नियम 6 के तहत निर्णय पारित किया। सीएमओ के पत्र में उल्लेख है कि दर संशोधन की सूचना प्रकाशन के बाद 30 दिन में नप कार्यालय में मय दस्तावेज लिखित आपत्ति व्यक्त कर सकते हैं। अवधि बीतने के बाद आपत्ति मान्य नहीं होगी। पत्रानुसार 30 सितंबर 2026 तक स्व निर्धारण विवरणी तथा संपत्ति कर की राशि नहीं जमा करने की स्थिति में 2% मासिक अधिकार देय होगा।

### जोन एक में

वार्डों के अंदर का एरिया, बंगाली कालोनी, रेवा बनखेड़ी रोड, पंडा भावसार की दुकान से क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक से जवाहर वार्ड एवं रघुवंशीपुरा वार्ड के दोनों ओर, श्री लक्ष्मी नारायण सोनी के मकान से बड़ी मस्जिद के दोनों ओर राजेन्द्र वार्ड व मातापुरा वार्ड सम्पूर्ण, पलाश परिसर व रामगंज वार्ड सम्पूर्ण ईसाई मोहल्ला, सरदार वार्ड सम्पूर्ण, तिलक वार्ड एवं इंदिरा वार्ड सम्पूर्ण

**आवासीय उपयोग की दरें (प्रति वर्गफिट में)**

आरसीसी/आरबीसी पक्के मकानों के लिये 18 रूपये, सीमेंट लोहे की चादर या कबेलू छतयुक्त मकान के लिये 14 रुपये, कच्चे मकान/ईडब्ल्यूएस श्रेणी के आवास के लिये 12 रुपये तथा रिक्त भूमि या कृषि भूमि छोड़कर प्लॉट आदि के लिये छह रुपये

**व्यवसायिक उपयोग की दरें (प्रति वर्गफिट में)**

आरसीसी/आरबीसी पक्के मकानों के लिये 30 रूपये, सीमेंट लोहे की चादर या कबेलू छतयुक्त मकान के लिये 24 रुपये, कच्चे मकान/ईडब्ल्यूएस श्रेणी के आवास के लिये 20 रुपये तथा रिक्त भूमि या कृषि भूमि छोड़कर प्लॉट आदि के लिये नौ रुपये

### जोन दो में

मुख्य बाजार में आवासीय उपयोग में दरें आरसीसी/आरबीसी छत वाले पक्के मकानों के लिये नौ रूपये, सीमेंट/लोहे की चादर/कबेलू छतयुक्त मकान के लिये सात रुपये, अन्य अर्द्ध पक्के/कच्चे भवन के लिये सात रुपये व रिक्त/कृषि भूमि छोड़कर प्लॉट आदि के लिये तीन रुपये थीं। व्यवसायिक क्षेत्र में दरें क्रमशः 18 रुपये, 16 रुपये, 16 रु. तथा 5 रुपये थीं।

**आवासीय उपयोग की दरें (प्रति वर्गफिट में)**

आरसीसी/आरबीसी पक्के मकानों के लिये 14 रूपये, सीमेंट लोहे की चादर या कबेलू छतयुक्त मकान के लिये 12 रुपये, कच्चे मकान/ईडब्ल्यूएस श्रेणी के आवास के लिये 11 रुपये तथा रिक्त भूमि या कृषि भूमि छोड़कर प्लॉट आदि के लिये पांच रुपये।

**व्यवसायिक उपयोग की दरें (प्रति वर्गफिट में)**

व्यवसायिक उपयोग के लिये दरें(प्रति वर्गफिट में)- आरसीसी/आरबीसी पक्के मकानों के लिये 24 रूपये, सीमेंट लोहे की चादर या कबेलू छतयुक्त मकान के लिये 20 रुपये, कच्चे मकान/ईडब्ल्यूएस श्रेणी के आवास के लिये 18 रुपये तथा रिक्त भूमि या कृषि भूमि छोड़कर प्लॉट आदि के लिये 8 रू.

- मुख्य सड़क क्षेत्र में आवासीय उपयोग में उल्लेखित दरें सात रूपये, पांच रुपये, पांच रुपये तथा दो रुपये थीं। व्यवसायिक क्षेत्र में दरें क्रमशः 14 रुपये, 12 रुपये, 12 रुपये तथा चार रुपये थीं।

### नवंबर में हुई बैठक

नवंबर 2025 मैं परिषद की बैठक हुई थी। जिसमें दरों का संशोधन स्वीकृत हुआ था। नए वित्तीय वर्ष में दरें लागू की जा रही हैं।"- **धर्मेंद्र शर्मा, सीएमओ, नप सोहागपुर।**

## अंतर-संभागीय अंडर-18 गर्ल्स क्रिकेट स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन कर बेटियों ने बढ़ाया नगर गौरव

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर





माखनगर की बेटियों ने एक बार फिर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अजीता यादव और शुभी दुबे ने ग्वालियर में आयोजित अंतरसंभागीय अंडर-18 गर्ल्स क्रिकेट टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। अजीता यादव की कुशल कप्तानी में टीम ने रीवा संभाग को पराजित कर माखननगर को गर्व का अवसर प्रदान किया।

गौरतलब है कि सीनियर वर्ग में भी सिद्धी दुबे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं, जो क्षेत्र के लिए एक और गर्व की बात है। इस उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों ने दोनों खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

एमपीसीए प्रबंध समिति सदस्य अनुराग मिश्रा, एनडीसीए अध्यक्ष कपिल फौजदार, सचिव प्रदीप तौमर, एनसीसी क्लब से रत्नेश बड़गूजर सहित अनेक खेल प्रेमियों एवं गणमान्य नागरिकों ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## 84 प्रतिशत वैक्सीनेशन के साथ प्रदेश स्तर पर 6वें स्थान पर पहुंचा नर्मदापुरम

**नर्मदापुरम।** 28 फरवरी से अजमेर से प्रारंभ किए गए एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान के तहत नर्मदापुरम जिला मुख्यालय सहित सभी विकासखंडों में कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार 14 से 15 वर्ष आयु की बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन का मुफ्त में डोज उपलब्ध करवाया जा रहा है।

## संचार व सकर्म स्थायी समिति की बैठक 9 को

**नर्मदापुरम।** संचार एवं संकर्म स्थायी समिति जिला पंचायत नर्मदापुरम की बैठक का आयोजन 09 अप्रैल 2026 को अपरान्ह 03:00 बजे से लोक निर्माण विभाग संभाग क्र. 1 नर्मदापुरम के सभाकक्ष में किया गया है। बैठक में ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल सुविधा एवं उनके लिए की गई आवश्यक व्यवस्था, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों, वर्षाकाल में क्षतिग्रस्त मार्गों के मरम्मत कार्य कराया जाना, ग्राम सम्पर्क सड़क योजना (बारहमासी योजना), लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण अन्य की समीक्षा की।
























## कार्यालय नगर परिषद सोहागपुर, जिला नर्मदापुरम् (म.प्र.)

कमांक / 537 / राजस्व शाखा/2026 — // सार्वजनिक सूचना // — सोहागपुर दिनांक 03/04/2026

परिषद द्वारा पारित निर्णय अनुसार 2026-27 की दरों का सूचना प्रकाशन

मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा परिषद समिति को सम्क्ष प्रकरण प्रस्तुत करते हुये अवगत कराया गया कि म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 127 (क) के तहत संपत्तिकर के अधिरोपण हेतु म.प्र. शासन नगरीय विकास विभाग भोपाल द्वारा जारी राजपत्र क्रमांक 48 भोपाल शुक्रवार दिनांक 13 नवम्बर 2020 के प्रावधानों अनुसार नगरीय निकाय के संपत्तिकर निर्धारण कलेक्टर गाईडलाईन द्वारा निर्धारित भवन भूमि मूल्य के साथ सांगत किया गया है जिसको वर्तमान में दो परिक्षेत्रों जोन में विभाजित किया गया है। जो निम्नानुसार है।

| क्र. | क्षेत्र जोन | वार्ड क्रमांक सम्मिलित क्षेत्र |
|---|---|---|
| 01 | प्रथम | मायसिटी कालोनी, सुभाषवार्ड मुख्य मार्ग से सेंट पेट्रिक स्कूल नगरीय क्षेत्र की सीमा के दोनो ओर, (1) रगीराम चौक से कन्या शाला स्कूल रोज के दोनो और राजेन्द्र वार्ड गांधी वार्ड<br>(2) पुराने बस स्टेंड से पुरानी टाकिज तक अम्बेडकरवार्ड, गौतमवार्ड रोड के दोनों ओर<br>(3) कमानिया गेट से बिहारी चौंक रोड के दोनों ओर,<br>(4) श्रीराम चौक से रिपटा रोड के दोनो और दशहरा मैदान सम्पूर्ण क्षेत्र<br>(5) डी रवि शर्मा के घर के पास से मारूपुरा, तक दोनों ओर,<br>(8) कोर्ट चौराहे से स्टेशन रोब, कोर्ट चौराहे से विवेकानंद स्कूल के दोनो और सरदारवार्ड<br>(7) पेट्रोल पंप चौंक से स्टेशन रोड शास्त्रीवार्ड |
| 02 | द्वितीय | वार्डों के अंदर का एरिया<br>बंगाली कालोनी, रेवाबनखेड़ी रोड, पंडा भावसार की दुकान से क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक से जवाहरवार्ड एव रघुवशीपुरावार्ड के दोनों ओर, श्री लक्ष्मीनारायण सोनी के मकान से बड़ी नस्तिय के दोनों ओर राजेन्द्रवार्ड व मातापुरावार्ड सम्पूर्ण, पलाश परिसर व रामगंजवार्ड सम्पूर्ण ईसाई मोहल्ला सरदारवार्ड सम्पूर्ण, तिलकवार्ड एवं इंदिरावार्ड सम्पूर्ण |

उपरोक्त संकल्प के प्रत्येक क्षेत्र में निर्माण की गुणवत्ता एवं संपत्ति की अवस्थिति आधार पर निम्नानुसार दरें लागू होगी। जोन-1 में दरें निम्नानुसार होगी।

| क्र. | भवन का प्रकार | आवासीय उपयोग हेतु अवधारित दरें प्रति वर्गफिट | | व्यवसायिक उपयोग हेतु अवधारित दरें प्रति वर्गफिट | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | मुख्य मार्ग / बाजार | | मुख्य मार्ग / बाजार | अन्य |
| 01 | आर.सी.सी./आर.बी.सी पक्के मकान | 18 | - | 30 | - |
| 02 | सीमेंट लोहे की चादर या कवेलू छतयुक्त मकान | 14 | - | 24 | - |
| 03 | कच्चे मकान/ई डब्ल्यू एस श्रेणी के डो | 12 | - | 20 | - |
| 04 | रिक्त भूमि या प्लाट आदि (कृषि भूमि छोड़कर) | 06 | - | 09 | - |

जोन - 2 में दरें निम्ननुसार होगी।

| क्र. | भवन का प्रकार | आवासीय उपयोग हेतु अवधारित दरें प्रति वर्गफिट | | व्यवसायिक उपयोग हेतु अवधारित दरें प्रति वर्गफिट | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | मुख्य मार्ग / बाजार | | मुख्य मार्ग / बाजार | अन्य |
| 01 | आर.सी.सी./आर.बी.सी पक्के मकान | 14 | - | 24 | - |
| 02 | सीमेंट लोहे की चादर या कवेलू छतयुक्त मकान | 12 | - | 20 | - |
| 03 | कच्चे मकान/ई डब्ल्यू एस श्रेणी के डो | 11 | - | 18 | - |
| 04 | रिक्त भूमि या प्लाट आदि (कृषि भूमि छोड़कर) | 05 | - | 08 | - |

प्रकरण प्रस्तुत होने के पश्चात परिषद को सनक्ष मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा दी गई जानकारी पर गहन विचार विमर्श किया गया तथा वित्तीय वर्ष 2026 27 में नगर परिषद क्षेत्रांतर्गत स्वनिर्धारण प्रकिया से सम्पत्तिकर की राशि जमा करने हेतु म.प्र. नगर पालिका (भवनों भूमियों के करयोग्य सम्पत्ति मूल्य का निर्धारण) नियम 2020 के नियम 6 के तहत निम्नानुसार निर्णय पारित किया जाता है।

उपनियम 6 म.प्र. नगर पालिका अधिनियम की धारा 127 (A)

1. अनुसार करयोग्य सम्पत्ति मूल्य 4800 = 00 वार्षिक से अधिक होने पर निम्नानुसार सम्पत्तिकर की रकम देय होगी।

(05 ) कर योग्य सम्पत्ति मूल्य की निर्धारण दर :

| | | |
|---|---|---|
| (क) | कर योग्य सम्पत्ति मूल्य 4800 रुपए तक | सम्पत्तिकर से मुक्त (केबल समेकित कर) |
| (ख) | कर योग्य सम्पत्ति मूल्य 4801 से 10000 तक | 6 % छह प्रतिशत |
| (ग) | कर गौग्य सम्पत्ति मूल्य 10000 से अधिक | 10% दस प्रतिशत |

06 सम्पत्तिकर से संलग्न अन्य कर सम्पत्तिःकर से संलग्न अन्य कर निम्नानुसार देय होगें।

| | | |
|---|---|---|
| (अ) | अनिवार्य समेकित कर | 120/- प्रत्येक सम्पत्ति पर |
| (ब) | समेकित कर (सम्पत्तिकर युक्त सम्पत्तियों पर) | सम्पत्तिकर का 10% + 120 |
| (स) | शिक्षा उपकार | कर योग्य सम्पत्ति मूल्य का 2 % |
| (2) | नगरीय विकास उपकर | कर योग्य सम्पत्ति मूल्य का 01% आवात्तीय 02 % व्यावसायिक दरें अवधारित की जाती है। |

30 सितंबर 2026 तक स्वनिर्धारण विवरणी तथा सम्पत्तिकर राशि न जमा करने पर 2 प्रतिशत मासिक अधिभार देय होगा।

श्रीमति लता / यशवंत पटैल, अध्यक्ष, नगर परिषद सोहागपुर
श्री प्रदीप आकाश रघुवंशी, उपाध्यक्ष, नगर परिषद सोहागपुर
श्रीमति अमृता चौरसिया, राजस्व सभापति, नगर परिषद सोहागपुर
श्री धर्मेन्द शर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद सोहागपुर

## खबर संक्षेप

### किसान कांग्रेस का धरना प्रदर्शन आज

**नर्मदापुरम।** जिला कांग्रेस कमेटी नर्मदापुरम एवं जिला किसान कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में किसानों की विभिन्न समस्याओ को लेकर गुरुवार को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक जिला कांग्रेसध्यक्ष शिवा कांत पाण्डेय एवं जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष विजय बाबू चौधरी के नेतृत्व में कलेक्टर कार्यालय नर्मदापुरम के पास पीपल चौक पर धरना प्रदर्शन एवं कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

### अधीक्षक डॉ. कमलेश कुमरे ने संभाला कार्यभार

**इटारसी।** शहर के शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी चिकित्सालय में प्रशासनिक फेरबदल हुआ है। अस्पताल की वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. कमलेश कुमरे ने विधिवत रूप से चिकित्सालय अधीक्षक का पदभार ग्रहण कर लिया है। एक गरिमामय कार्यक्रम के दौरान निवर्तमान अधीक्षक डॉ. आरके चौधरी ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर कार्यभार सौंपा और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### शिक्षक संघ ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**इटारसी।** मप्र शिक्षक संघ के प्रांतीय आह्वान पर प्रदेशव्यापी ज्ञापन अभियान के तहत इटारसी में भी शिक्षकों ने अपनी आवाज बुलंद की। संघ के सदस्यों ने विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा के कार्यालय पहुंकर उन्हें टीईटी परीक्षा के संबंध में एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। शिक्षक संघ का यह कदम पूरे प्रदेश में चलाए जा रहे विरोध प्रदर्शन का हिस्सा है।

### किसानों ने स्लॉट बुकिंग की, 145 गेहूं उपार्जन केंद्र बनाए

# आज से शुरू होगी गेहूं, चना की सरकारी खरीदी, उपसंचालक ने मंडी का दौरा किया

9 अप्रैल गुरुवार से गेहूं और चना की सरकारी उपार्जन शुरू होने जा रहा इस हेतु जिला प्रशासन ने व्यवस्थाएं बनाई है वहीं अधिकारी जायजा लेने पहुंचे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

शहर की कृषि उपज मंडी में गुरुवार से गेहूं और चना की सरकारी खरीदी (उपार्जन) शुरू होने जा रही है। इस व्यवस्था का जायजा लेने के लिए कृषि उपसंचालक रविकांत सिंह ने मंडी सचिव प्रशांत पांडे के साथ मंडी प्रांगण का विस्तृत निरीक्षण किया। मंडी सचिव ने बताया कि उपार्जन के लिए मंडी में कुल तीन केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें दो गेहूं और एक चने की खरीदी के लिए होगा। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सब्जी के लिए बने नवीन शेड, पेयजल, प्रकाश, सुरक्षा, तौल कांटा और वारदाना (बारदाना) की उपलब्धता की समीक्षा की। सरकारी खरीदी को लेकर किसानों के बीच बना सस्पेंस अब खत्म हो गया है। बुधवार को कई किसानों ने स्लॉट बुकिंग करा ली है और कल सुबह तौल कांटा पूजन के साथ विधिवत तुलाई प्रारंभ कर दी जाएगी। अधिकारियों ने संबंधित कर्मचारियों को पार्किंग और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर निर्देश भी दिए हैं।




### रबी विपणन वर्ष 2026-27 हेतु 145 गेहूं उपार्जन केंद्र निर्धारित

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, म.प्र. शासन द्वारा जारी उपार्जन नीति के क्रियान्वयन हेतु निर्धारित एसओपी अनुसार रबी विपणन वर्ष 2026-27 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए जारी निर्देशानुसार 10 अप्रैल, 2026 से 5 मई, 2026 तक जिले में गेहूं उपार्जन का कार्य संपादित किया जाना है। तत्संबंध में कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा कुल 145 गेहूं उपार्जन केंद्र निर्धारित किए गए हैं।

### बुधवार से शुरू हुई स्लॉट बुकिंग, ब्लॉक में 8689 किसानों ने कराया है पंजीयन

**सोहागपुर।** मध्य प्रदेश शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जानी है। जिसके लिए नर्मदापुरम् जिले के सभी ब्लॉक में केंद्रों का निर्धारण हो चुका है। सोहागपुर में भी 21 केंद्र तय किये गए हैं। सोहागपुर खाद्य विभाग अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार सोहागपुर ब्लॉक में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए 8689 किसानों ने पंजीयन कराया है। तथा बुधवार से किसानों की स्लॉट बुकिंग भी प्रारंभ हो चुकी है।




#### यह है सूची

कृषक सेवा सहकारी समिति देवगांव पिपरिया समर्थन एग्रो वेयरहाउसिंग ग्राम भौंखेड़ीखुर्द में खरीदी करेगी। वृहत्ताकार सेवा समिति सहकारी समिति सेमरी हरचंद महालक्ष्मी वेयरहाउस ग्राम गुरमखेड़ी में, सेवा सहकारी समिति बारंगी रितु वेयरहाउस किवलारी में, सेवा सहकारी समिति खपरिया विनायक वेयरहाउस बम्होरी खुर्द में, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति सोहागपुर श्री विंध्या वेयरहाउस बम्होरी खुर्द में, वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति शोभापुर रघुवंश वेयरहाउस बरुआढाना में, सेवा सहकारी समिति ठीकरी-भिलाडिया सावी वेयरहाउस भौंखेड़ी खुर्द में, सेवा सहकारी समिति सौंसारखेड़ा चांदीखेड़ी गायत्री वेयरहाउस गजनई में, सेवा सहकारी समिति माछा-ढिकवाड़ा मां नर्मदा वेयरहाउस माछा में, सेवा सहकारी समिति खपरिया मां रेवा वेयरहाउस गूजरखेरी में, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति सोहागपुर द्वारा सीडब्ल्यूसी वेयरहाउस सोहागपुर में, वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति खिड़िया राम वेयरहाउस करनपुर एवं मां पीतांबरा वेयरहाउस सेंकाखेड़ी में, वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति रानी पिपरिया विशाल वेयरहाउस रानी पिपरिया आदि में केन्द्र बनाए गए हैं।

# सड़क पर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों पर गिरी गाज

### कोतवाली पुलिस ने दर्ज की एफआईआर




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

शहर के व्यस्त बाजारों में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए कोतवाली पुलिस अब सख्त रुख अपना रही है। बार-बार दी जा रही समझाइश के बाद भी सड़क पर सामान रखकर मार्ग अवरुद्ध करने वाले दो प्रतिष्ठित प्रतिष्ठानों के खिलाफ पुलिस ने कानूनी कार्यवाही की है।

मंगलवार को थाना कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा बाजार में पैदल पेट्रोलिंग की जा रही थी। इस दौरान पाया गया कि महेश टीवी सेंटर और विजय इलेक्ट्रॉनिक्स के संचालकों ने सार्वजनिक सड़क पर बिक्री और प्रचार-प्रसार के लिए कूलर रख दिए थे। इससे आमजन के निकलने वाले रास्ते में व्यवधान उत्पन्न हो रहा था। पूर्व में दी गई हिदायतों का उल्लंघन करने पर पुलिस ने दोनों संचालकों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 285 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### राजस्थान से घर छोड़कर भागी दो किशोरियां इटारसी में बरामद, आरोपी युवक भी गिरफ्तार

**इटारसी।** रेलवे सुरक्षा बल ने ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत एक बड़ी कार्रवाई करते हुए राजस्थान के चुरू जिले से भागकर आई दो नाबालिग बालिकाओं को सकुशल बरामद किया है। इनके साथ एक 27 वर्षीय युवक को भी हिरासत में लिया गया है। 8 अप्रैल को राजस्थान के चुरू जिले के सरदार शहर थाना से सूचना मिली कि दो किशोरियां उम्र 15 वर्ष बिना बताए घर से भाग गई हैं और ट्रेन संख्या 07054 में सवार हैं। राजस्थान पुलिस ने बालिकाओं के फोटो आरपीएफ इटारसी को भेजकर मदद मांगी थी। सूचना मिलते ही आरपीएफ निरीक्षक के निर्देश पर टीम सक्रिय हुई। जैसे ही ट्रेन इटारसी स्टेशन पहुंची, महिला प्रधान आरक्षक रानू विश्वकर्मा, आरक्षक अशोक बारीवे और जाकिर खान ने कोच एस/3 में सर्च ऑपरेशन चलाया। प्राप्त फोटो के आधार पर दोनों बालिकाओं और उनके साथ मौजूद एक पुरुष साथी की पहचान कर ली गई।

# साईं ग्रीन सिटी के मंदिरों में चोरी करने वाला 'बालक' गिरफ्तार, चोरी का माल हुआ बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

शहर की पॉश कॉलोनी 'साईं ग्रीन सिटी' के तीन मंदिरों में हुई चोरी की वारदात का देहात थाना पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मामले में एक नाबालिग बालक को अभिरक्षा में लेकर उसके पास से चोरी की गई पीतल की सामग्री बरामद की है।

### तीन मंदिरों को बनाया था निशाना

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 22 मार्च को फरियादी सुनील पटेल ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 21 मार्च की रात अज्ञात चोर ने साईं ग्रीन सिटी स्थित देवी मंदिर, हनुमान मंदिर और शंकर मंदिर से चांदी के छत्र, पीतल की गदा, घंटा और पूजा के बर्तन चोरी कर लिए हैं। पुलिस ने अपराध क्रमांक 173/2026 के तहत बीएनएस की धारा 303(2) में मामला दर्ज किया था।

### मुखबिर की सूचना पर पुलिस की दबिश

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी साईं कृष्णा एस. थोटा के मार्गदर्शन में एक संयुक्त टीम गठित की गई। टीम ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। इसी दौरान सूचना मिली कि आदमगढ़ पुलिया के पास एक बालक पीतल का घंटा बेचने की फिराक में है। पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर संदेह के आधार पर बालक को हिरासत में लिया।

पूछताछ के दौरान बालक ने स्वीकार किया कि उसने 21 और 22 मार्च की दरमियानी रात करीब 2 बजे अकेले ही तीनों मंदिरों में चोरी की थी। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर 7 किलो वजनी पीतल का सामान जिसमें एक बड़ा घंटा, तीन दीये, तीन छोटी घंटी और एक अगरबत्ती स्टैंड शामिल है जिसकी अनुमानित कीमतः करीब 10,000 रुपये है, बरामद किया है।

### इनकी रही भूमिका

इस कार्रवाई में देहात थाना प्रभारी निरीक्षक सौरभ पाण्डेय, प्रधान आरक्षक जमना प्रसाद यादव, नवीन दुबे, आरक्षक चेतन नरवरे, कपिल विश्वकर्मा, जितेंद्र सिंह राजपूत और सुनील साहू की सराहनीय भूमिका रही।

# रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आया युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



शहर के हनुमान धाम मंदिर के पास मंगलवार शाम एक बड़ा ट्रेन हादसा टल गया, हालांकि इसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, युवक रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया था।

### कैसे हुई घटना?

मंगलवार रात लगभग 8:20 बजे पोटर खोली निवासी मलखान यादव (35 वर्ष) हनुमान धाम मंदिर के आगे से रेलवे ट्रैक पार कर रहा था। इसी दौरान वह अचानक आ रही एक ट्रेन की चपेट में आ गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस सेवा मौके पर पहुँची। एम्बुलेंस पायलट प्रदीप सोनी और ईएमटी विश्राम अहिरवार ने तत्परता दिखाते हुए घायल युवक को मौके पर ही प्राथमिक उपचार दिया और तुरंत अस्पताल के लिए रवाना हुए। समय पर मिली इस चिकित्सीय सहायता ने युवक की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। घायल मलखान यादव को तत्काल शासकीय अस्पताल, इटारसी में भर्ती कराया गया है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, युवक का इलाज चल रहा है और उसकी स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

# 6 किलो मीटर का सफर बना जानलेवा ग्रामीणों ने फिर लगाई विधायक से गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

केसला ब्लॉक के नेशनल हाईवे से ग्राम अमझिरा को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग इन दिनों अपनी बदहाली पर आंसू रो रहा है। लगभग 6 किलोमीटर लंबी यह डामर सड़क अब पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो चुकी है, जिससे ग्रामीणों का पैदल चलना भी दूभर हो गया है।

### दुर्घटनाओं को न्योता देती सड़क

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की स्थिति इतनी खराब है कि आए दिन दुपहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं। विशेषकर रात के समय इस मार्ग पर सफर करना किसी बड़े खतरे से कम नहीं है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि पूर्व में भी कई बार क्षेत्र के अधिकारियों और विधायक प्रेमशंकर वर्मा से नई सड़क निर्माण की मांग की गई थी, लेकिन अब तक आश्वासन के सिवा कुछ हासिल नहीं हुआ।



### पुनः निर्माण की मांग

सड़क पर डामर का नामोनिशान मिट चुका है और सिर्फ नुकीले पत्थर व गहरे गड्ढे बचे हैं। आवागमन में हो रही भारी असुविधा को देखते हुए ग्रामीणों ने एक बार फिर विधायक प्रेमशंकर वर्मा का ध्यान इस ओर आकर्षित किया है और जल्द से जल्द सड़क निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग दोहराई है।

# विद्युत ट्रांसफार्म की चपेट में आने से आउटसोर्स कर्मी की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

जनपद पंचायत क्षेत्र के शोभापुर रोड पर पिपरिया सोहागपुर की सिमा पर बिजली विभाग के लाइनमैन एवं उपमहाप्रबंधक से लेकर सभी सक्षम अधिकारियों की लापरवाही से आउटसोर्स के कर्मचारी केतन कहार 35 वर्ष पिता चुन्नी लाल की मौत हो गई है। सुत्रोसे प्राप्त जानकारी अनुसार केतनको मेंटनेंस के नाम पर पेड़ की काट छांट करने हेतु पेड़ पर चढ़ा दिया गया था। कर्मचारी चढ़ा ही था। की अचानक पास ही लगे ट्रांसफार्मर से करेंट लगा और मौका पर ही मौत हो गई थी। जबकि पूर्व में सुप्रीम कोर्ट के आदेश अनुसार यदि कोई व्यक्ति को चोट लगी है तो उसका जबाबदार अधिकारी ही होंगे। लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक सांई एस कृष्ण थोटा ने बताया कि अभी जांच कराई जा रही है।



# जो काम नए ठेकेदार ने किया, वह प्रशासन क्यों नहीं कर पाया: नगर कांग्रेस अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



शहर में शराब के नए ठेके होने के बाद अवैध शराब की बिक्री और होम डिलीवरी में आई कमी ने अब एक नई राजनीतिक चर्चा को जन्म दे दिया है। नगर कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी ने इस मुद्दे पर प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

कन्हैया गोस्वामी ने जारी बयान में कहा कि जब से शहर में शराब के नए ठेकेदार ने कमान संभाली है, तब से अवैध और नकली शराब का गोरखधंधा लगभग सिमट गया है। उन्होंने प्रशासन को कटघरे में खड़ा करते हुए पूछा, जो बदलाव नए ठेकेदार के आने के बाद कुछ ही दिनों में दिख रहा है, क्या वही कार्य पुलिस और आबकारी विभाग पहले नहीं कर सकता था? गोस्वामी के अनुसार, लंबे समय से शहर में अवैध शराब का कारोबार खुलेआम चल रहा था, लेकिन संबंधित विभागों ने कभी ठोस कार्रवाई की जहमत नहीं उठाई। कांग्रेस अध्यक्ष ने राहत जताई कि पहले बड़ी संख्या में शहर के युवा अवैध शराब की होम डिलीवरी के जाल में फंसे हुए थे, जो अब इस दलदल से मुक्त होते दिखाई दे रहे हैं। गोस्वामी ने भविष्य की स्थिति पर आशंका जताते हुए चेतावनी दी है कि क्या इटारसी भविष्य में भी अवैध शराब से मुक्त बना रहेगा? यदि यह धंधा दोबारा पुराने स्वरूप में शुरू हुआ, तो इसके लिए शराब ठेकेदार, पुलिस प्रशासन और आबकारी विभाग सीधे तौर पर जिम्मेदार होंगे। दोबारा अवैध शराब की खबरें आने पर कांग्रेस पार्टी जनहित में सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगी। नगर कांग्रेस अध्यक्ष का यह बयान सीधे तौर पर आबकारी विभाग की पिछली निष्क्रियता पर प्रहार है।

### मारुति इन्फिनिटी कार ने 60 विद्यार्थियों का किया साक्षात्कार

**इटारसी।** शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज इटारसी में रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मारुति इन्फिनिटी कार, नर्मदापुरम द्वारा कैंपस ड्राइव का आयोजन किया गया। इस ड्राइव में अंतिम वर्ष के मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के 60 से अधिक विद्यार्थियों ने सर्विस एडवाइजर के 10 पदों के लिए उत्साहपूर्वक भाग लिया।ड्राइव के दौरान मारुति इन्फिनिटी के एचआर मैनेजर सौरभ परिहार ने विद्यार्थियों को जॉब प्रोफाइल, कार्यशैली और करियर ग्रोथ की संभावनाओं के बारे में विस्तार से बताया। संस्था के प्राचार्य आरके चोलकर और विभागाध्यक्ष विद्यावती सूर्यवंशी एवं विकास सिद्धू ने छात्रों को ऑटोमोबाइल सेक्टर में करियर बनाने हेतु प्रेरित किया। यह आयोजन टीपीओ भूपेंद्र जोठे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

# 228 क्वार्टर देशी मदिरा सहित एक आरोपी हुआ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

पुलिस अधीक्षक साईं कृष्णा एस. थोटा के निर्देशन में जिले में अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत देहात थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए अवैध शराब जब्त कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

6 अप्रैल 2026 को देहात थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि मालाखेड़ी क्षेत्र में एक व्यक्ति अवैध शराब बेचने की फिराक में खड़ा है। सूचना मिलते ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन और एसडीओपी जितेंद्र कुमार पाठक के मार्गदर्शन में एक संयुक्त टीम गठित की गई। टीम ने तत्काल घेराबंदी कर माता मंदिर के पास से रविशंकर सराठे (उम्र 51 वर्ष) को पकड़ा।

तलाशी के दौरान आरोपी के पास मौजूद बोरियों से देसी मदिरा के कुल 228 सीलबंद क्वार्टर बरामद हुए। जिसमें 34 क्वार्टर देसी सफेद प्लेन शराब एवं 194 क्वार्टर देसी लाल मसाला शराब शामिल है। कुल 41.04 लीटर शराब जब्त की गई है, जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत करीब 19,670 रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### आज से शुरू होगा अभियान

# पोषण पखवाड़ा और 'मिशन नींव' के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी




महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आगामी 9 से 23 अप्रैल तक आयोजित होने वाले 8वें पोषण पखवाड़ा' के सफल क्रियान्वयन हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। संभागीय संयुक्त संचालक नर्मदापुरम तृप्ति त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में पोषण एवं बाल विकास से जुड़े विभिन्न आयामों पर विस्तृत रणनीति साझा की गई।

प्रशिक्षण के दौरान त्रिपाठी ने बताया कि इस वर्ष का पोषण पखवाड़ा विशेष रूप से पांच महत्वपूर्ण विषयों पर केंद्रित रहेगा। इसमें मां एवं शिशु पोषण के साथ-साथ जीवन के प्रथम 1000 दिनों में मस्तिष्क के विकास पर जोर दिया जाएगा। साथ ही, आधुनिक समय की चुनौतियों को देखते हुए बच्चों में स्क्रीन टाइम को कम करने और उन्हें खेल-आधारित शिक्षा से जोड़ने हेतु माता-पिता एवं समुदाय को जागरूक करने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम में मिशन नींव के अंतर्गत जिला समन्वयक वीरेंद्र कीर ने कार्यकर्ताओं को तकनीकी मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बताया कि आंगनवाड़ी केंद्रों पर बच्चों के संज्ञानात्मक, भाषाई और सामाजिक- भावनात्मक कौशल को बढ़ाने के लिए खेल-आधारित गतिविधियाँ अनिवार्य हैं।

# सामूहिक विवाह में नव दंपतियों को उपहार भेंट करेंगी मातृशक्ति




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

आदर्श महिला क्लब की मासिक बैठक बुधवार को आयोजित की गई, जिसमें क्लब की सदस्यों ने सामाजिक सरोकार से जुड़ा एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी क्लब द्वारा अक्षय तृतीया के अवसर पर होने वाले विवाह समारोह में सहयोग किया जाएगा। क्लब की अध्यक्ष नीरजा फौजदार ने जानकारी देते हुए बताया कि अक्षय तृतीया पर आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन में आदर्श महिला क्लब, भारतीय जैन संगठन एवं राष्ट्रीय महिला जागृति मंच के संयुक्त तत्वावधान में वर-वधू को उपहार सामग्री प्रदान की जाएगी। इस महत्वपूर्ण बैठक में क्लब की संरक्षक एकता फौजदार, संध्या महंत, अध्यक्ष नीरजा फौजदार, सचिव श्वेता जैन और उपाध्यक्ष नीता ओशीन सहित कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे।

WE ARE HIRING
Job Opening
CIRCULATION ASSISTANT MANAGER

Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post
Location : Raipur City
We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.

Qualifications :
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years

Responsibilities :
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records

How to Apply
Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com
Last Date to Apply : 10 April 2026
हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur